
www.sanjanabharati.com
दिल्ली और गौतम बुद्ध नगर से प्रकाशित। हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड व उत्तराखंड में प्रसारित
facebook.com/Sanjanabharati

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# संजना भारती

RNI No. : DELHIN/2016/70240

आपका भरोसा, हमारी ताकत



2 विधेयक पर हंगामा क्यों, जब मुद्दा है...
3 श्री खाटू श्याम मंदिर में धूमधाम से मनाई गई भगवान...
4 दादी प्रकाशमणि की स्मृति में 23 को होगा...

वर्ष: 9 | अंक: 298 | दिल्ली, शुक्रवार, 22 अगस्त 2025 | पृष्ठ संख्या: 4 | मूल्य: 1 रुपया

## संक्षिप्त समाचार

### सतीश गोलचा होंगे दिल्ली के नए पुलिस कमिश्नर

**नई दिल्ली (एजेन्सी)।** वरिष्ठ भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारी सतीश गोलचा को दिल्ली पुलिस आयुक्त नियुक्त किया गया है। गृह मंत्रालय (एमएचए) ने इसको लेकर जानकारी दी है। 1992 बैच के आईपीएस अधिकारी सतीश गोलचा वर्तमान में दिल्ली में महानिदेशक (कारागार) के पद पर तैनात हैं। गृह मंत्रालय द्वारा 21 अगस्त को जारी आदेश में कहा गया है कि सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से, सतीश गोलचा, आईपीएस (एजीएमयूटी:1992), जो वर्तमान में दिल्ली के महानिदेशक (कारागार) के पद पर तैनात हैं, को कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से अगले आदेश तक दिल्ली के पुलिस आयुक्त के पद पर नियुक्त किया जाता है। गोलचा, होमगाड्र्स के महानिदेशक एसबीके सिंह का स्थान लेंगे, जिन्हें गृह मंत्रालय ने 1 अगस्त को दिल्ली पुलिस का कार्यवाहक आयुक्त नियुक्त किया था। यह घटनाक्रम दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर सिविल लाइंस स्थित उनके आधिकारिक आवास पर आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई के दौरान हुए हमले के एक दिन बाद हुआ है। गुप्ता पर गुजरात के राजकोट से आए एक 41 वर्षीय व्यक्ति ने हमला किया, जो शिकायतकर्ता बनकर अंदर घुसा था। राजकोट निवासी ऑटो चालक, आरोपी राजेशभाई खिमजीभाई सकरिया को मुख्यमंत्री की सुरक्षा टीम और वहाँ मौजूद अन्य लोगों ने पकड़ लिया। उसके खिलाफ हत्या के प्रयास से संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है।

### संविधान संशोधन विधेयक लोकतंत्र को कमजोर करने वाला कदम, पुनर्विचार करे सरकार: मायावती

**उत्तर प्रदेश (एजेन्सी)।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष मायावती ने बृहस्पतिवार को 130वें संविधान संशोधन विधेयक को लोकतंत्र को कमजोर करने वाला कदम करार देते हुए केन्द्र सरकार से इसपर पुनर्विचार का आग्रह किया। मायावती ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, केन्द्र सरकार द्वारा कल (बुधवार को) संसद में, भारी हंगामे के बीच लाया गया 130वां संविधान संशोधन विधेयक देश में पिछले कुछ वर्षों से जारी राजनैतिक हालात में यह स्पष्टतः लोकतंत्र को कमजोर करने वाला लगता है और सत्ताधारी पार्टियां अपने-अपने लाभ, स्वार्थ व द्वेष में ज्यादातर इसका दुरुपयोग ही करेंगी, ऐसी जनता को आशंका है। उन्होंने कहा, अतः इस विधेयक से हमारी पार्टी कतई भी सहमत नहीं है। सरकार देश के लोकतंत्र एवं संविधान के हित में इसपर जरूर पुनर्विचार करे। संविधान (130वां संशोधन) विधेयक, 2025 में प्रधानमंत्री, मंत्रियों और मुख्यमंत्रियों को गंभीर अपराध के आरोपों में पद से हटाने का प्रावधान है। इस विधेयक का विपक्षी सदस्यों ने तीखा विरोध किया और प्रस्तावित कानून को संविधान व संघवाद की भावना के विरुद्ध बताया।


### तीर्थयात्रियों की बस खाई में गिरी, एक की मौत

**जम्मू-कश्मीर (एजेन्सी)।** जम्मू-कश्मीर के सांबा जिले में बृहस्पतिवार को माता वैष्णो देवी गुफा मंदिर जा रहे तीर्थयात्रियों की बस जम्मू-पठानकोट राजमार्ग से फिसलकर खाई में गिर जाने से एक व्यक्ति की मौत हो गई और 39 लोग घायल हो गये। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि यह दुर्घटना जटवाल में हुई जब उत्तर प्रदेश से कटरा जा रहे तीर्थयात्रियों की बस का टायर फट गया और वह एक छोटे पुल के पास राजमार्ग से फिसल गई। उन्होंने कहा कि मृतक की पहचान अमरोहा निवासी 45 वर्षीय इकबाल सिंह के रूप में हुई है। दुर्घटना के बाद एक बचाव अभियान शुरू किया गया और घायलों को सांबा के अस्पताल में भर्ती कराया गया। बाद में उनमें से सात लोगों को बाद में विजयपुर स्थित एम्स अस्पताल में स्थानांतरित किया गया।

### मुख्यमंत्री ने 'हरियाणा राज्य उद्यमिता आयोग' की स्थापना की घोषणा की

**एसबी संवाददाता/चंडीगढ़।** राज्य में युवा उद्यमियों को प्रोत्साहित करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने युवाओं को उद्यमिता के लिए प्रेरित और प्रशिक्षित करने हेतु 'हरियाणा राज्य उद्यमिता आयोग' की स्थापना की घोषणा की। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सरकार हरियाणा को देश का नंबर एक स्टार्टअप हब बनाने के लिए प्रतिबद्ध है, जिसका लक्ष्य राज्य में स्टार्टअप्स की संख्या को तीन गुना करना है। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार में 'विश्व उद्यमिता दिवस' के अवसर पर आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह और कई अन्य घोषणाएँ कीं। इस अवसर पर जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री श्री रणबीर गंगवा और युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता मंत्री श्री गौरव गौतम भी उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में राज्य भर के विभिन्न विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों, विद्यालयों और औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के लगभग 2,000 विद्यार्थियों के साथ-साथ विभिन्न क्षेत्रों के लगभग 100 सफल उद्यमियों ने भाग लिया।

# भारतीय रेल चलाएगी रिकॉर्ड 380 गणपति स्पेशल ट्रेन यात्राएँ



**संजना भारती/विज्ञप्ति द्वारा**

**गोरखपुर।** भारतीय रेल ने इस वर्ष 380 गणपति स्पेशल ट्रेन यात्राओं की घोषणा की है, जो अब तक का सबसे अधिक आँकड़ा है। इन विशेष ट्रेनों से लाखों श्रद्धालुओं और यात्रियों की यात्रा को सुगम और आरामदायक बनाया जाएगा।

2023 में कुल 305 स्पेशल ट्रेन यात्राएँ चलाई गई थीं, जबकि 2024 में यह संख्या 358 तक पहुँची थी।

**जोनवार विवरण:**

**सेंट्रल रेलवे:** 296 यात्राएँ (सबसे अधिक)

**वेस्टर्न रेलवे:** 56 यात्राएँ

कोंकण रेलवे (KRCL): 6 यात्राएँ

**साउथ वेस्टर्न रेलवे:** 22 यात्राएँ

**महाराष्ट्र और कोंकण के लिए विशेष सेवाएँ**

इन ट्रेनों का सबसे अधिक लाभ महाराष्ट्र और कोंकण क्षेत्र के यात्रियों को मिलेगा, जहाँ गणपति पूजा के दौरान सबसे अधिक भीड़ होती है। कोंकण रेलवे मार्ग पर रुकने वाले प्रमुख स्टेशन होंगे झ कोलाड, चिपलून, रत्नागिरी, कणकवली, सावंतवाड़ी रोड, मडगाँव जं., उडुपी और सूरथकल सहित कई अन्य स्टेशन।

**पर्व का समय:** गणपति पूजा 27 अगस्त से 6 सितम्बर 2025 तक मनाई जाएगी। त्योहार के मद्देनजर विशेष ट्रेनें 11 अगस्त 2025 से ही चलाई जा रही हैं और जैसे-जैसे त्योहार नजदीक आएगा, सेवाओं की संख्या और बढ़ाई जाएगी।

**बुकिंग जानकारी**

**गणपति स्पेशल ट्रेनों की विस्तृत समय-सारणी उपलब्ध है-**

IRCTC वेबसाइट पर

RailOne ऐप पर

कम्प्यूटरीकृत पीआरएस (Passenger Reservation System) काउंटरों पर

**यात्रियों के प्रति प्रतिबद्धता:** भारतीय रेल ने दोहराया है कि वह त्योहारों के अवसर पर भी यात्रियों को सुरक्षित, विश्वसनीय और आरामदायक यात्रा अनुभव उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

### 18 साल से ऊपर वालों को नहीं मिलेगा नया आधार कार्ड, असम सरकार

**असम (एजेन्सी)।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने गुरुवार को कहा कि अवैध प्रवासियों को भारतीय नागरिकता मिलने से रोकने के लिए 18 वर्ष से अधिक आयु के लोगों को असम में पहली बार आधार कार्ड नहीं मिलेगा। राज्य मंत्रिमंडल की बैठक के बाद, मुख्यमंत्री ने कहा कि असम में 18 वर्ष से अधिक आयु के चाय जनजाति, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लोगों को केवल एक वर्ष तक ही आधार कार्ड मिलता रहेगा। असम के मुख्यमंत्री ने कहा कि 18 वर्ष से अधिक आयु के लोगों को, यदि अभी तक आधार कार्ड नहीं मिला है, तो आवेदन करने के लिए केवल एक महीने का समय दिया जाएगा। हालांकि, उन्होंने कहा कि 18 वर्ष से अधिक आयु के चाय जनजाति, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लोगों को अगले एक वर्ष तक आधार कार्ड मिलते रहेंगे। सरमा ने कहा कि आधार कार्ड जारी करने पर प्रतिबंध लगाने के फैसले को नागरिकों की पहचान की प्रामाणिकता सुनिश्चित करने के प्रयासों का हिस्सा माना जा रहा है। यह कदम पिछले एक साल में बांग्लादेश से संभावित अवैध आव्रजन से जुड़ी चिंताओं को दूर करने पर सरकार के फोकस को दर्शाता है।

# स्वच्छता की दौड़ में दिल्ली बनेगी विजेता: मंत्री रविन्द्र इंद्राज



**■ 'दिल्ली को कूड़े से आजादी' अभियान के तहत नरेला में स्वच्छता दौड़ का आयोजन, मंत्री ने हरी झंडी दिखाकर शुभारम्भ किया**

**संजना भारती संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार के समाज कल्याण मंत्री रविन्द्र इंद्राज सिंह ने गुरुवार को 'दिल्ली को कूड़े से आजादी' अभियान के तहत नरेला के रामदेव चौक से स्वच्छता दौड़ के आयोजन का हरी झंडी दिखाकर शुभारम्भ किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, स्कूली छात्र-छात्राएं, महिलाएं, युवा और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। श्री इंद्राज ने कहा कि दिल्ली को संवारने के लिए स्वच्छता कार्यों को लेकर स्कूलों, कॉलेजों और कॉलोनियों में प्रतिस्पर्धा का माहौल बनाएं, ये ऐसी प्रतिस्पर्धा होगी जिसमें जीत पूरी दिल्ली की होगी।

कैबिनेट मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प स्वच्छ भारत की दिशा में हो रही इस स्वच्छता दौड़ का उद्देश्य लोगों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना और दिल्ली को कचरे से मुक्त बनाने के लिए सामूहिक प्रयास को प्रोत्साहित करना है। विकसित दिल्ली का मूल मंत्र है स्वच्छ दिल्ली। आज की यह स्वच्छता दौड़ केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि उस जन आंदोलन का हिस्सा है। इसमें सभी वर्गों की भागीदारी यह दर्शाती है कि दिल्लीवासी मिलकर अपनी राजधानी को स्वच्छ, हरित और स्वस्थ बनाएंगे।

श्री इंद्राज ने कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता जी के निर्देश पर 'दिल्ली को कूड़े से आजादी' अभियान के तहत सभी वार्डों और कॉलोनियों में जन सहयोग से स्वच्छता अभियान चलाए जा रहे हैं। इसके तहत नालियों की सफाई, कचरे का संग्रहण और आधुनिक तकनीक से कचरे का निस्तारण किया जा रहा है। उन्होंने आग्रह किया कि स्कूलों और कॉलेजों में स्वच्छता क्लब बनाकर छात्रों को इस आंदोलन से जोड़ें। साथ ही नागरिक समितियां और मोहल्ला समितियां अभियान में स्वच्छता प्रहरी बनें और स्थानीय सफाई की निगरानी करें। इन कार्यों को दिल्ली सरकार के स्वच्छता पोर्टल पर अपलोड करें। इससे पारदर्शिता और प्रतिस्पर्धा दोनों को बढ़ावा मिलेगा।

कार्यक्रम के अंत में स्वच्छता दौड़ में शामिल विजेताओं और योगदान देने वाले अन्य लोगों को प्रमाणपत्र एवं प्रशंसा पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में नुक्कड़ नाटक के जरिये भी स्वच्छता का सन्देश दिया गया।

# हरियाणा के सभी जिलों में संचालित करें उद्यमिता विकास कार्यक्रम: सीएम नायब सिंह सैनी

## 'प्रदेश के युवाओं को स्टार्टअप अवसरों का पूरा लाभ करें सुनिश्चित'




**संजना भारती संवाददाता**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि युवाओं में उद्यमिता की भावना को बढ़ावा देने और नए उद्यमियों के सृजन को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य के सभी जिलों में उद्यमिता एवं संकाय विकास कार्यक्रम संचालित किए जाने चाहिए। उन्होंने जिलों में उद्यमिता एवं संकाय विकास कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए ताकि युवा स्टार्टअप नीति के तहत सृजित किए जा रहे अवसरों का लाभ उठा सकें।

मुख्यमंत्री, जो बुधवार देर सांय हरियाणा राज्य स्टार्टअप नीति के अंतर्गत इनक्यूबेटर योजनाओं पर आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे, ने कहा कि उद्यमशीलता पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने और अधिक से अधिक युवाओं को नवाचार-संचालित उद्यमों को अपनाने के लिए प्रेरित करने हेतु स्टार्टअप्स को सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाना चाहिए। श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि राज्य सरकार ने अपने संकल्प पत्र में स्टार्टअप्स में महिलाओं की भागीदारी को 60 प्रतिशत तक बढ़ाने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने इस लक्ष्य को जल्द से जल्द प्राप्त करने के लिए प्रयास बढ़ने के भी निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि हरियाणा में महिलाओं द्वारा संचालित स्टार्टअप्स की वर्तमान हिस्सेदारी 50 प्रतिशत है और जल्द ही इसे बढाकर 60 प्रतिशत किया जायेगा।

यह भी बताया गया कि हरियाणा स्टार्टअप्स के मामले में सातवाँ सबसे बड़ा राज्य है, जहाँ 9,100 से ज्यादा स्टार्टअप्स DPIIT-पंजीकृत हैं। देश के 117 यूनिकॉर्न में से 19 हरियाणा से हैं, जो राज्य की बढ़ती उद्यमशीलता शक्ति को दशार्ता है। राज्य सरकार ने नए इन्क्यूबेशन सेंटर्स की स्थापना के लिए योजनाओं को स्वीकृति दे दी है, जिसकी अधिसूचना जल्द ही जारी की जाएगी। ये केंद्र विभिन्न योजनाओं और पहलों के माध्यम से स्टार्टअप्स को सहायता प्रदान करेंगे।

बैठक में जानकारी दी गई कि हरियाणा ने एक जीवंत इनक्यूबेटर पारिस्थितिकी तंत्र विकसित किया है जो कृषि प्रौद्योगिकी, आईटी, आईओटी और विनिर्माण जैसे क्षेत्रों में नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देता है। इनक्यूबेटरस की प्रमुख गतिविधियों में उत्पादों का प्रदर्शन, संभावित उद्यमियों के लिए बूटकैंप का आयोजन, अग्रणी उद्यमियों के साथ नेटवर्किंग, नवोदित निवेशकों के लिए पिचिंग सत्र, सफलता की कहानियाँ प्रस्तुत करना और अनुभवी संस्थापकों और पेशेवरों के साथ परामर्श कार्यक्रम शामिल हैं।

बैठक में मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर, उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के आयुक्त एवं सचिव डॉ. अमित अग्रवाल सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

# विमुक्त एवं अर्ध घुमंतु समाज हमारे इतिहास और संस्कृति का गौरवशाली हिस्सा हैं: कपिल मिश्रा

## 31 अगस्त 1952 को मिली स्वतंत्रता, 'काले कानून' से मुक्त हुआ समाज



**संजना भारती संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार के कला, संस्कृति एवं भाषा मंत्री श्री कपिल मिश्रा ने आज दिल्ली सचिवालय में विमुक्त एवं अर्ध घुमंतु समाज की प्रतिनिधि श्रीमती कविता राठौड़ सहित विभिन्न समाजों के प्रतिनिधियों से मुलाकात की। यह बैठक आगामी 31 अगस्त को आयोजित होने वाले विमुक्त एवं अर्ध घुमंतु समाज दिवस की तैयारियों के सिलसिले में हुई।

बैठक में बनजारा, गड़िया, नट, सिख लिगार, मनिहार, लुभाना, गीहरा, सांसी, कलंदर, कालबेलिया, सपेरा और जोगी समाज के प्रतिनिधि शामिल हुए। प्रतिनिधियों ने दिल्ली में घुमंतु विकास बोर्ड की स्थापना तथा जाति प्रमाण पत्र में DNT का उल्लेख किए जाने की मांग रखी। इस अवसर पर श्री कपिल मिश्रा ने कहा-विमुक्त एवं अर्ध घुमंतु समाज हमारे इतिहास और संस्कृति का गौरवशाली हिस्सा रहे हैं। उनकी परंपराएँ, संघर्ष और जीवनशैली भारतीय समाज को विशेष पहचान देती हैं। यह हमारी जिम्मेदारी है कि इन समुदायों को उनके अधिकार, सम्मान और अवसर पूरी तरह से मिले।

श्री कपिल मिश्रा ने आगे आश्वासन देते हुए कहा 31 अगस्त को मनाए जाने वाले 'विमुक्त एवं अर्ध घुमंतु समाज दिवस' के लिए दिल्ली सरकार पूरे उत्सव में सक्रिय सहयोग करेगी और भव्य कार्यक्रम का आयोजन करेगी। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों में समाज के योगदान को प्रदर्शित करने और नई पीढ़ी तक उनकी परंपराओं को पहुँचाने के हर प्रयास में सरकार साथ खड़ी रहेगी।

ब्रिटिश शासनकाल में इन समाजों पर काला कानून थोप दिया गया था, जिसके कारण इन्हें दशकों तक अन्याय और भेदभाव सहना पड़ा। इन समुदायों को अपराधी मानकर उनकी आजादी और गरिमा छीन ली गई थी। लंबे संघर्ष और आंदोलन के बाद 31 अगस्त 1952 को इन्हें स्वतंत्रता प्राप्त हुई और विमुक्त का दर्जा दिया गया। तभी से यह दिन समाज की गरिमा और पहचान के उत्सव के रूप में मनाया जाता है।

आगामी 31 अगस्त को दिल्ली में विमुक्त एवं अर्ध घुमंतु समाज दिवस के अंतर्गत सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ, प्रदर्शनी और संगोष्ठियाँ आयोजित की जाएंगी। इन कार्यक्रमों के माध्यम से समाज की कला, संस्कृति, वेशभूषा और परंपराओं का प्रदर्शन होगा। यह आयोजन न केवल उनके गौरवशाली इतिहास को याद करेगा बल्कि नई पीढ़ियों के लिए प्रेरणा और गर्व का स्त्रोत भी बनेगा।

# पंजाब सरकार ने पंचायती जमीनों पर फलदार पौधे लगाने के लिए चलाई विशेष मुहिम

## पहले चरण में 9 जिलों की पंचायती जमीन पर 65 एकड़ में लगेंगे फलों के बाग

**एसबी संवाददाता**

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार प्रदेश में बागवानी को बढ़ावा देने और फसली विविधता लाने के लिए गांवों की पंचायती जमीनों पर फलदार पौधों के बाग लगाएगी। इसी उद्देश्य के तहत आज बागवानी, रक्षा सेवाएं कल्याण एवं स्वतंत्रता संग्रामी मंत्री मोहिंदर भगत और ग्रामीण विकास एवं पंचायत मंत्री श्री तरुनप्रीत सिंह सौंद ने संयुक्त रूप से चंडीगढ़ में अपणा पिंड - अपना बाग मुहिम की शुरूआत की। यह मुहिम बागवानी विभाग और ग्रामीण विकास एवं पंचायत विभाग के सहयोग से चलाई जा रही है।

अपणा पिंड-अपना बाग मुहिम की शुरूआत करते हुए बागवानी मंत्री श्री मोहिंदर भगत ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान का सपना है पंजाब को रंगला और हरा-भरा बनाना। उन्होंने कहा कि इसी उद्देश्य से आज इस मुहिम की शुरूआत की गई है। उन्होंने बताया कि इस परियोजना के तहत लगाए जाने वाले बागों का रखरखाव पहले 3 साल मगनरेगा द्वारा किया जाएगा। इससे मगनरेगा के तहत काम कर रहे मजदूरों को और अधिक रोजगार मिलेगा। उन्होंने कहा कि 3 साल बाद ये बाग पंचायती संस्थाओं को सौंप दिए जाएंगे। इसके बाद




इन बागों से होने वाली आय संबंधित पंचायत को जाएगी, जो गांवों के विकास पर खर्च होगी। उन्होंने यह भी बताया कि इन बागों से प्राप्त होने वाले फलों की प्रोसेसिंग से स्वयं सहायता समूहों की आय में भी बढ़ोतरी होगी।

मंत्री ने बताया कि इस मुहिम के पहले चरण में राज्य के 9 जिलों की पंचायती जमीनों पर 65 एकड़ में बाग लगाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इस संबंधी पहले चरण में जिला गुरदासपुर में 5 एकड़, होशियारपुर में 22 एकड़, जालंधर में 2.5 एकड़, लुधियाना में 5 एकड़, पठानकोट में 15 एकड़, अमृतसर में 2 एकड़, कपूरथला में 4 एकड़, बठिंडा में 6 एकड़ और मलेरकोटला में 4 एकड़ पंचायती जमीन पर बाग लगाए जाएंगे। इस मौके पर बागवानी मंत्री श्री मोहिंदर भगत ने एक पुस्तिका भी जारी की। उन्होंने कहा कि पंचायतें प्रस्ताव पारित कर पंचायती जमीनों पर बाग लगाने के लिए सरकार से संपर्क कर सकती हैं।

इस अवसर पर ग्रामीण विकास एवं पंचायत मंत्री श्री तरुनप्रीत सिंह सौंद ने कहा कि पहले राज्य का नहरी पानी इस्तेमाल नहीं हो रहा था, लेकिन मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में जल संसाधन विभाग नहरों के पानी को खेतों की सिंचाई में उपयोग कर रहा है। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार की यह नेक पहल गांवों में बागवानी को प्रोत्साहित करेगी और भूमिगत जल भी बचेगा। उन्होंने यह भी कहा कि यह परियोजना ग्लोबल वार्मिंग को कम करने में भी सहायक होगी। मंत्री श्री सौंद ने पंचायतों से अपील की कि गांवों की आर्थिक संरचना को और मजबूत करने और क्षेत्र को हरा-भरा बनाने के लिए पंचायती जमीनों पर फलदार बाग लगाने हेतु सरकार से संपर्क करें।

इस मौके पर ग्रामीण विकास एवं पंचायत सचिव श्री अजीत बालाजी जोशी, कृषि आयुक्त श्रीमती बबीता, बागवानी निदेशक श्रीमती शैलिंदर कौर, ग्रामीण विकास एवं पंचायत निदेशक श्री उमा शंकर गुप्ता, संयुक्त विकास आयुक्त-कम-आयुक्त मगनरेगा डॉ. शैना अग्रवाल, मुख्य भूमि पाल श्री मोहिंदर सिंह सैनी और अन्य अधिकारी विशेष रूप से उपस्थित थे।

# बाढ़ से प्रभावित हर क्षेत्र का मैं स्वयं पहुँचकर हालात का जायजा ले रहा हूँ: सिंधिया

**(एजेन्सी)।**

**ग्वालियर/भोपाल/ नई दिल्ली।** केंद्रीय संचार एवं उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री तथा गुना सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया ने गुरुवार को ग्वालियर में मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि संसद का सत्र समाप्त होने के बाद उनका ग्वालियर आगमन हुआ है। वे चार दिन के प्रवास पर गुना, शिवपुरी और अशोकनगर जिलों के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करेंगे। ग्रामीण अंचल में बाढ़ से जन-जीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है और हर जगह लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। वे स्वयं प्रत्येक प्रभावित क्षेत्र तक पहुँच रहा हूँ। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने हर कठिन परिस्थिति में आमजन की सहायता के लिए हरसंभव प्रयास किया है। केंद्र सरकार की पहल पर गृह मंत्री एवं रक्षा



मंत्री से चर्चा कर, एनडीआरएफ की टीम, सेना और हेलिकॉप्टरों को पहले ही तैनात कर दिया गया था। राहत कार्य भी बड़े पैमाने पर संपन्न हो चुके हैं।

सिंधिया ने बताया कि एक दिन का प्रवास उन्होंने मुख्यमंत्री जी के साथ प्रभावित क्षेत्र में किया था और अब तीन दिन का विस्तृत दौरा किया जा रहा है। इसके बाद 24 तारीख को वे दिल्ली लौटेंगे। ग्वालियर के विकास पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि शहर में तेज गति से प्रगति हो रही है और योजनाएँ जमीनी स्तर पर साकार हो रही हैं। उन्होंने बताया कि वर्षा ॠतु समाप्त होने के बाद ग्वालियर के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम का कार्य भी आरंभ होगा। 130 करोड़ रुपया का निवेश इस परियोजना में किया जाएगा, जिससे स्टेडियम की क्षमता 40,000 दर्शकों तक बढ़ाई जाएगी। उन्होंने कहा कि ग्वालियर और दिल्ली दोनों जगह से वे स्वयं हर कार्य की स्थिति पर पल-पल नजर रख रहे हैं।

# श्री खाटू श्याम मंदिर में धूमधाम से मनाई गई भगवान श्री कृष्ण की छठी



**एसबी विशेष संवाददाता/मदन पुरी**

**करनाल।** शहर की पुरानी अनाज मंडी स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर में मंगलवार को भगवान श्री कृष्ण की छठी का पर्व बड़े श्रद्धा भाव और धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर परिसर को रंग-बिरंगे गुब्बारों और पुष्पों से भव्य रूप से सजाया गया। लड्डू गोपाल का अलौकिक श्रृंगार कर पंचामृत स्नान कराया गया। सुबह से ही मंदिर में भक्तों का तांता लगा रहा। मंत्रोच्चारण और विधि-विधान के साथ लड्डू गोपाल को पंचामृत स्नान करवाया गया और भगवान के बाल स्वरूप का आकर्षक श्रृंगार किया गया, जिसे देखने के लिए श्रद्धालु उत्साहित दिखाई दिए।

छठी के इस पर्व पर करनाल ही नहीं बल्कि आसपास के क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। भक्तों ने पूजा-अर्चना कर अपने परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिर परिसर भक्तिमय माहौल से सराबोर रहा और हर तरफ जयकारों की गूंज सुनाई देती रही। छठी पर्व के अवसर पर मंदिर कमेटी की ओर से भंडारे का आयोजन भी किया गया जिसमें भक्तों ने प्रसाद ग्रहण कर अपने आपको धन्य महसूस किया।

मंदिर के मुख्य सेवक देसराज गुप्ता ने बताया कि हर पर्व पर दूर-दराज से भक्तजन यहां पहुंचते हैं। एकादशी के अवसर पर विशेष भजन-कीर्तन का आयोजन किया जाता है।

श्रद्धालुओं की सुविधाओं के लिए मंदिर कमेटी की ओर से विशेष व्यवस्थाएं की जाती हैं ताकि किसी को कोई असुविधा न हो। इस अवसर पर देसराज गुप्ता के साथ राजेश गर्ग, महेंद्र गुप्ता, अनिल गर्ग, रामकरण गोयल, विनोद गोयल, आकाश, अशोक सिंघला, पवन गुप्ता, राजेश सिंघला, हरीश सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# जन सुराज कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित

## ■ बूथ सशक्तिकरण और जनसम्पर्क अभियान पर हुई चर्चा

**एसबी ब्यूरो प्रमुख/मृगांक शेखर सिंह**

**जमुई/गिद्धौर।** गिद्धौर स्थित डॉ एन डी मिश्र के आवास स्थान पर बुधवार की देर संध्या जन सुराज पार्टी कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों की बैठक जिलाध्यक्ष उत्तम सिंह के अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक के दौरान बूथ सशक्तिकरण की समीक्षा की गई।

बैठक की अगुवाई कर रहे नेत्र चिकित्सक डॉ। एन डी मिश्र ने कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही कहा कि बूथ सशक्त होगा तो संगठन अपने लक्ष्य को आसानी से प्राप्त कर सकेगा। बैठक के दौरान आगामी कार्ययोजनाओं पर विचार-विमर्श किया गया और बूथवार जिम्मेदारियां तय की गयी। सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने संगठन के प्रति निष्ठा व समर्पण के साथ कार्य करने को लेकर संकल्प भी लिया।



इधर डॉ। एन डी मिश्र ने बताया कि आगामी, 02 सितंबर को जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर का आगमन जमुई में संभावित है, वो एक जनसभा को संबोधित कर सकते हैं। इसे लेकर झाझा विधानसभा अंतर्गत गिद्धौर, लक्ष्मीपुर व झाझा प्रखंड के विभिन्न गांव पंचायतों में जनसंपर्क अभियान चलाया जाएगा। इसके साथ ही सक्रिय और समर्पित कार्यकर्ताओं को बूथ की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। डॉ। एन डी मिश्र व जन सुराज के जिलाध्यक्ष उत्तम सिंह ने लोगों से प्रशांत किशोर के संबोधन को सुनने के लिए आमंत्रित किया है।

विदित हो, आगामी चुनाव को लेकर जन सुराज के ओर से बिहार झारखंड के नेत्र चिकित्सक डॉ। एन डी मिश्र झाझा विधानसभा प्रत्याशी के रूप में मजबूत दावेदारी पेश कर रहे हैं। ऐसे में इन्हें अपार जन समर्थन भी मिल रहा है।

बैठक में प्रखंड अध्यक्ष काजू सिंह, कार्यकता सच्चिदानंद मिश्र, कुंदन सिंह, अरुण यादव, अजय पण्डित, राकेश कुमार, रूपलाल टुडू, अनुज कुमार, राजेश पंडित, जयप्रकाश झा, राजकुमार यादव, नरेश पासवान, निवास सिंह सहित जन सुराज से जुड़े सैंकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

# मूलभूत सुविधाओं पर त्वरित कार्रवाई करें अधिकारी: निगमायुक्त डॉ. वैशाली शर्मा



**एसबी विशेष संवाददाता/मदन पुरी**

**करनाल।** नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने गुरुवार को समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए कि नागरिकों को वाटर सप्लाई, सीवरेज क्लीनिंग, सेनिटेशन व प्रॉपर्टी आईडी जैसी मूलभूत सुविधाओं को लेकर किसी प्रकार की समस्या न हो।

निगमायुक्त ने कहा कि सीएम विंडो, समाधान शिविर, जन संवाद, सोशल मीडिया ग्रीवेंस ट्रैकर (एसएमजीटी) व सीपीजीआरएएमएस पोर्टल पर आई मांगों व शिकायतों पर अधिकारी गंभीरता से कार्य करें। उन्होंने सम्बंधित शाखाओं को साप्ताहिक लक्ष्य दिए और कहा कि लक्ष्य पूरे कर रिपोर्ट समय पर सौंपी जाए, अन्यथा कार्रवाई की जाएगी।

डॉ. वैशाली शर्मा ने बताया कि सीवरेज क्लीनिंग व वाटर सप्लाई की शिकायत दर्ज कराने के लिए नागरिक नगर निगम के टोल फ्री नंबर 14420 पर कॉल कर सकते हैं। शिकायत दर्ज करने के लिए सुबह 6 बजे से रात 10 बजे तक दो शिफ्टों में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

निगमायुक्त ने कार्यकारी अभियंताओं को निर्देश दिए कि किसी भी मांग या शिकायत पर कार्य शुरू करने से पहले उसकी फिजिबिलिटी (व्यवहार्यता) अवश्य जांची जाए। यदि फिजिबिलिटी नहीं है, तो उसे पोर्टल पर दर्ज किया जाए। साथ ही एक्शन टेकन रिपोर्ट (एटीआर) समय पर अपलोड की जाए और कोई भी शिकायत ऑवरड्यू न रहे। उन्होंने कहा कि मुख्यालय द्वारा पोर्टल पर आई शिकायतों की नियमित समीक्षा की जाती है, इसलिए सभी अधिकारी गंभीरता से कार्य करें। उन्होंने उप निगम आयुक्त अभय सिंह को निर्देश दिए कि एटीआर के बावजूद जो शिकायतें दोबारा पोर्टल पर लौट रही हैं, उनकी विशेष समीक्षा की जाए। बैठक में अतिरिक्त निगम आयुक्त अशोक कुमार, मुख्य नगर योजनाकार धर्मपाल सिंह, कार्यकारी अभियंता प्रदीप कल्याण व ओ.पी. करदम, सहायक नगर योजनाकार नवरत्न, अधीक्षक संतोष रानी, क्षेत्रीय कराधान अधिकारी अंकुश पराशर, मुख्य सफाई निरीक्षक सुरेन्द्र चोपड़ा, नायब तहसीलदार राम कुमार तथा ग्रीवेंस सेल के सलाहकार जशनजीत सिंह मौजूद रहे।

## भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो सहनशीलता; 60,000 रुपये की रिश्वत लेते क्लर्क को विजीलेंस ब्यूरो ने रंगे हाथों काबू किया

**संजना भारती/विज्ञप्ति द्वारा/चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार की भ्रष्टाचार विरोधी जीरो सहनशीलता नीति को और मजबूत करते हुए, पंजाब विजीलेंस ब्यूरो ने जिला विकास और पंचायत कार्यालय (डीडीपीओ) फिरोजपुर में तैनात क्लर्क बलवंत सिंह को 60,000 रुपये रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है। राज्य विजीलेंस ब्यूरो के प्रवक्ता ने खुलासा किया कि उक्त आरोपी को फिरोजपुर जिले की तहसील तलवंडी भाई के गाँव लल्ले के एक निवासी द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर गिरफ्तार किया गया। प्रवक्ता ने बताया कि शिकायतकर्ता ने विजीलेंस ब्यूरो से संपर्क कर आरोप लगाया था कि उसने एक निजी बैंक से कृषि ऋण की लिमट बनाने के लिए आवेदन दिया था, जिसमें उसने अपनी स्वामित्व वाली जमीन के क्षेत्र का उल्लेख किया था पर बैंक ने ऋण लिमट को मंजूरी देने से इनकार कर दिया। इस मामले के इस संबंध में किसी ने डीडीपीओ कार्यालय को सूचित कर दिया कि शिकायतकर्ता ने अपनी अर्जी में पंचायत जमीन के क्षेत्र का भी उल्लेख किया है जिसे वह नीलामी के बाद खेती कर रहा है।

# कचहरी में दो फर्जी अधिवक्ता धड़ाये, किया पुलिस के हवाले

**एसबी संवाददाता**

**वाराणसी।** गुरुवार को अधिवक्ता जांच समिति द्वारा फर्जी अधिवक्ताओं के रजिस्ट्रेशन और सीओपी की जांच दीवानी न्यायालय से लगायत कलेक्ट्रेट में की गई, जांच दल द्वारा इस दौरान कुछ संदिग्ध व्यक्तियों को पकड़ा गया जांच में दो व्यक्ति ऐसे मिले जो काला कोर्ट, सफेद शर्ट और काला पैंट पहने हुए थे दोनों संदिग्ध व्यक्तियों को पकड़कर उड़ाका दल द्वारा बनारस बार के अध्यक्षीय कक्ष में लाया गया जब जांच समिति ने कड़ाई से पूछताछ किया तो दोनों फर्जी अधिवक्ता निकले उन दोनों के पास न तो बार कौंसिल का पंजीकरण सर्टिफिकेट था और न ही सीओपी बनारस बार के महामंत्री शशांक श्रीवास्तव ने कचहरी चौकी प्रभारी को बुलाकर दोनों को पुलिस के हवाले कर दियोदेर शाम बनारस बार के महामंत्री शशांक श्रीवास्तव ने विवेक कुमार गुप्ता और एस पटेल के खिलाफ कचहरी चौकी प्रभारी को तहरीर दिया गया है, पुलिस द्वारा विधिक कार्रवाई जारी थी।

जांच दल का नेतृत्व बनारस बार के महामंत्री शशांक श्रीवास्तव कर रहे थे उनके साथ जांच में ओम शंकर श्रीवास्तव, दीवाकर दूबे, अमित उपाध्याय, गौतम सिंह, यामिनी शर्मा, रंजीत मिश्रा, कमलेश यादव, विशाल मौर्या, गौतम कुमार झा आदि अधिवक्ता आदि उड़ाका दल के अधिवक्ता शामिल थे।



कथित अधिवक्ता एस के पटेल को पकड़कर ले जाती हुई पुलिस। (छाया: एसबी)



कथित अधिवक्ता विवेक कुमार गुप्ता को कचहरी से पकड़कर ले जाती हुई पुलिस। (छाया: एसबी)

# पत्रकार अभिषेक भारती काफी मिलनसार व संघ के प्रति वफादार सिपाही थे-डॉ. धीरज




**एसबी ब्यूरो**

**बेगूसराय।** जिले के एलेक्सिया अस्पताल के प्रांगण में अवस्थित महर्षि शांडिल्य वंशज के जिला कार्यालय सभागार में पत्रकार सह महर्षि शांडिल्य वंशज के जिला सचिव अभिषेक भारती के असामयिक निधन हो जाने के उपरांत शोक सभा का आयोजन संघ के संरक्षक पूर्व मुखिया मणिकांत भूषण की अध्यक्षता में किया गया। इस अवसर पर संघ के संरक्षक पूर्व मुखिया मणिकांत भूषण ने कहा कि संघ के एक होनहार युवक आज हमारे बीच नहीं है। संघ के लिए उनका महत्वपूर्ण योगदान कभी भुलाया नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि मृतक अभिषेक के परिवार वालों के साथ संघ हमेशा साथ रहेगा। उन्होंने कहा कि संघ का मूल उद्देश्य ही है कि अपने समाज के पिछड़े हुए व्यक्तियों का सहयोग करना।

वहीं एलेक्सिया अस्पताल के निदेशक डॉ. धीरज शांडिल्य ने कहा कि अभिषेक जी काफी मिलनसार व संघ के प्रति वफादार सिपाही थे। संघ के निर्णय के साथ मैं साथ रहूंगा। वहीं उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि अभिषेक के चले जाने से संघ की रीढ़ की हड्डी टूट गई है। उनकी भरपाई कर पाना मुश्किल है।

इस दौरान उपस्थित सभी लोगों का आंखें नम हो गई। कार्यक्रम के अंत में उनके आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण कर सभा का समापन किया गया। ऊक्त मौके पर व्यास नंदन सिंह, अर्जुन राय, मुकेश सिंह, पप्पू कुमार, ब्रजेश कुमार, मृत्युंजय कुमार, श्रीनिवास सिंह, अमरेश राय, सुजीत कुमार, ज्ञान भारती, हरिशंकर चौधरी, राकेश कुमार, अरुण कुमार सिंह, शिवाकांत सिंह, राजीब चौधरी, अशोक राय सहित दर्जनों शांडिल्य परिवार के लोग मौजूद थे।

## सघन एड्स जागरूकता अभियान हेतु गोष्ठी का आयोजन



**एसबी ब्यूरो प्रमुख/इंतजार हुसैन**

**बदायूं।** नगर पालिका कन्या इंटर कॉलेज बदायूं में अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस 12 अगस्त 2025 के उपलक्ष्य में सघन एड्स जागरूकता अभियान के सफल संचालन हेतु एक गोष्ठी का आयोजन डॉ अनीता जैन प्राचार्य की अध्यक्षता में किया गया। इसके बाद जिला कार्यक्रम अधिकारी (एड्स) डॉ विनेश कुमार द्वारा जनपद में एच आई वी/ एड्स होने के 4 कारण असुरक्षित यौन सम्बन्ध, एच आई वी ग्रस्त महिला से होने वाले उसके बच्चे, एच आई वी ग्रस्त व्यक्ति का ब्लड दूसरे को चढ़ाने, एच आई वी से संक्रमित व्यक्ति की सिरिंज से दूसरे को इंजेक्शन लगाने से फैलता है। शनि दुवे प्रोग्राम मैनेजर लोक कल्याण समिति बदायूं द्वारा बताया गया कि जहाँ एच आई वी के केस निकले हैं। उन ग्राम पंचायतों के साथ साथ एफ एस डब्लू, एम एस डब्लू, ड्रग यूजर्स में एड्स को फैलने, जाँच, बचाव एवं इलाज के बारे में जागरूक किया। सुदेश सक्सेना डीपीटीसी/एसटीएस द्वारा बताया गया की एच आई वी/एड्स से ग्रसित मरीजों में टी बी की बीमारी होने का खतरा सबसे ज्यादा रहता है इसलिए सभी एच आई वी बाले मरीजों की टी बी की जाँच होना आवश्यक है। रेशमबती काउंसलर के द्वारा गर्वभती महिलाओं में एच आई वी की जाँच एवं उसके होने बाले बच्चे को एच आई वी से बचाव के बारे में बताया। राजेश काउंसलर द्वारा भी कार्यक्रम के बारे में विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम का संचालन सुदेश सक्सेना द्वारा गया।

कार्यक्रम में डॉ प्रज्ञा पाण्डेय, हिना शहरोंज, राबिया शाकिब, शबा खानम, रुपाली, गीता, साजिया खान, समरीन, शगुफ्ता, शिवांगी वर्मा, महनाज महापरा, फरजाना, शहनाज बानो उपस्थित रहे।

# बदायूं चेयरमैन फातमा रजा ने पालिका सीमा से बाहर खेड़ा नवादा पर विशेष सफाई अभियान चलाया

## ■ विशेष सफाई अभियान में जेसीबी व ट्रैक्टर-ट्रॉली जुटी, कूड़े का पहाड़ और ढेर किया साफ



**एसबी ब्यूरो प्रमुख/इंतजार हुसैन**

**बदायूं।** बरेली-आगरा राजमार्ग पर नगर पालिका सीमा से लगे खेड़ा नवादा इलाके में लंबे समय से जमा गंदगी अब अतीत की बात हो गई है। क्षेत्र में फैले कूड़े के ढेर न केवल बदबू फैला रहे थे, बल्कि बीमारी फैलने का भी खतरा बढ़ा रहे थे। इसकी शिकायत लगातार स्थानीय लोगों द्वारा की जा रही थी।

इलाके के नागरिक ग्राम पंचायत के प्रधान से लगातार बरेली मार्ग पर खेड़ा नवादा में भीषण गंदगी व कूड़े के लगे ढेर की शिकायते कर रहे, जब कोई सुनवाई नही हुई, कोई राहत नहीं मिली तो नगर पालिका चेयरमैन से गुहार लगाई। पालिका चेयरमैन ने तुरंत एक्शन लेते हुए खेड़ा नवादा में विशेष सफाई अभियान चलाने का आदेश दे दिया।

पालिकाध्यक्ष फातमा रजा के निर्देश पर नगर पालिका ने विशेष सफाई अभियान चलाया। मुख्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक मोहम्मद तय्यव, सफाई खाद्य निरीक्षक केशव गंगवार की देखरेख में सफाई कर्मचारियों की टीम ने ट्रैक्टर-ट्रॉली और जेसीबी लगाकर गंदगी के ढेर हटा दिए। कूड़ा हटने के बाद रास्ता पूरी तरह साफ हो गया और लोगों ने राहत की सांस ली। सफाई अभियान के दौरान स्थानीय लोगों ने पालिका टीम की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह कदम काफी समय से अपेक्षित था। नागरिकों ने साथ ही यह उम्मीद जताई कि पालिका भविष्य में भी नियमित रूप से सफाई करवाती रहे, ताकि क्षेत्र में दुबारा गंदगी न पनपे।

# शाहनवाज हुसैन का विधायक एवं पार्टी कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत

**एसबी ब्यूरो प्रमुख/मृगांक शेखर सिंह**

**जमुई/गिद्धौर।** गिद्धौर के लालकोठी में भाजपा के वरिष्ठ नेता विधान परिषद के सदस्य सह पूर्व केंद्रीय मंत्री सैय्यद शाहनवाज हुसैन का जमुई विधायक श्रेयसी सिंह के आवास पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर विधायक श्रेयसी सिंह बड़ी बहन मानसी सिंह द्वारा पूर्व केंद्रीय मंत्री शाहनवाज हुसैन को पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत सम्मान किया गया।

वहीं इस मौके पर दादा वरिष्ठ भाजपा नेता सह पूर्व केंद्रीय मंत्री शाहनवाज हुसैन ने दिवंगत देता दिग्विजय सिंह से जुड़ी यादों एवं स्मृतियों को पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ साझा किया साथ ही मौके पर दिवंगत नेता दिग्विजय सिंह के तस्वीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें याद किया। वहीं मौके पर कई राजनीतिक विषयों पर विधायक सुश्री श्रेयसी सिंह से वार्ता की।

इस अवसर पर बड़ी बहन श्रीमति मानसी सिंह, केकेएम कॉलेज के पूर्व प्राचार्य सह भाजपा नेता श्री अफजर शम्सी, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश भगत, महा मंत्री सोनेलाल पासवान, उपाध्यक्ष विनय पांडेय, गोपाल कृष्ण, कोषाध्यक्ष अजय पासवान, सिकंदरा मंडल अध्यक्ष अखिलेश पांडेय सहित कई पार्टी कार्यकर्ता एवं गणमान्य गणमान्य मौके पर उपस्थित थे।



पूर्व मंत्री सैय्यद शाहनवाज हुसैन से भेंट कर चर्चा करते विधायक श्रेयसी सिंह मानसी सिंह व अन्य कार्यकर्ता गण। (छाया: एसबी)

# जैविक व प्राकृतिक खेती की ओर अग्रसर हों किसान: रमाकान्त उपाध्याय

## ■ गोबर व गोमूत्र बहुमूल्य: गोसेवा आयोग सदस्य

**संजना भारती संवाददाता**

**बदायूँ।** उ0प्र0 गोसेवा आयोग के मा0 सदस्य रमाकान्त उपाध्याय ने गौ-संरक्षण व संवर्धन की जिला स्तरीय अनुसंधान मूल्यांकन एवं समीक्षा समिति की विकास भवन सभागार में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों को गोवंशों की चिंता करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गोवंशों के संरक्षण में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सड़क पर कोई निराश्रित गोवंश नजर नहीं आना चाहिए। उन्होंने कहा कि गोबर व गोमूत्र बहुमूल्य हैं। गाय के मूत्र में बर्बरीन नामक तत्व पाया जाता है जिससे कैंसर नहीं होता है। उन्होंने कहा कि सहभागिता योजना के गौ पालकों को सब्सिडी पर वायोगैस संयंत्र दिया जाए, जिससे वह जैविक व प्राकृतिक खेती की ओर अग्रसर होंगे। उन्होंने कहा कि कुपोषित गोवंशों का विशेष ध्यान रखा जाए तथा गांवंश को दिए जा रहे हैं चारे की गुणवत्ता तथा पीने के पानी की शुद्धता का भी विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि गोवंशों के संरक्षण में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार गोवंशों के संरक्षण के लिए कृत संकल्पित है। उन्होंने कहा कि सड़क पर कोई निराश्रित गोवंश नजर नहीं आना चाहिए।



उन्होंने समस्त खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि वह जनपद के किसानों को प्राकृतिक व जैविक खेती करने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से अपने कार्यालय में नमामि गंगे, यूपी डास्प, कृषि व उद्यान आदि संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक करें। मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार ने जनपद में गो-संरक्षण की प्रगति से अवगत कराते हुए बताया कि जनपद में 294 ग्रामीण क्षेत्र, 03काजीं हाऊस, 05 वृहद गो-संरक्षण, 03 कान्हा गोवंश आश्रय स्थल, 12 अस्थायी गोवंश आश्रय स्थल संचालित है। साथ ही 7833 गोवंश को मा0 मुख्य मंत्री निराश्रित गोवंश सहभागिता योजना अन्तर्गत सुपुर्दगी में दिया गया है। जिसमें 34357 गोवंश संरक्षित किये गये है। जनपद में गोवंश सरक्षण का कार्य लगातार जारी है। मुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी डॉ0 समदर्शी सरोज ने बताया कि जनपद में 05 वृहद गो-संरक्षण केन्द्र, एवं 03 कान्हॉ पशु आश्रय स्थल निर्माणाधीन है जिसको जल्द ही संचालित कर लिया जायेगा। इसके अतिरिक्त 05 कान्हॉ पशु आश्रय स्थल एवं 05 वृहद गो-संरक्षण केन्द्र हेतु भूमि चिन्हॉकन की कार्यवाही की जा रही है। जनपद में गोवंश संरक्षण अन्तिम गोवंश संरक्षित किये जाने तक जारी रहेगा। इससे पूर्व आयोग सदस्य ने गौशालाओं का निरीक्षण कर वहां की गई व्यवस्थाओं लेते हुए अधिकारियों को ठीक से गौवंशों का संरक्षण करने के निर्देश दिए। बैठक उपरान्त उन्होंने मीडिया से वार्ता भी की।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन, समस्त खण्ड विकास अधिकारी सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# विधायक जगमोहन आनंद ने कैंप कार्यालय में सुनी जनता की समस्याएं, मौके पर किया समाधान

**एसबी विशेष संवाददाता/मदन पुरी**

**करनाल।** विधायक जगमोहन आनंद ने वीरवार को सेक्टर-13 स्थित कैंप कार्यालय में आमजन की समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने लोगों की समस्याओं को एक-एक करके सुना और मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देकर समाधान करवाया।

विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के सिद्धांत पर चलते हुए प्रदेश में नॉन स्टॉप विकास कार्य करवा रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र और प्रदेश में ट्रिपल इंजन की सरकार आम जनता की समस्याओं के समाधान को प्राथमिकता के आधार पर काम कर रही है।

विधायक ने आमजन से अपील की कि जो भी व्यक्ति अपनी समस्या लेकर आए, वह लिखित शिकायत के साथ पहुंचे। शिकायत पत्र में संबंधित व्यक्ति का पता और मोबाइल नंबर अवश्य दर्ज हो, ताकि आसानी से संपर्क किया जा सके।

उन्होंने बताया कि आमजन की समस्याओं का प्रतिदिन फॉलोअप लिया जाता है। इस कार्य के लिए उनके आवास पर कर्मचारी नियुक्त किए गए हैं, जो विभागों से लगातार जानकारी लेकर समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित कर रहे हैं।



# करनाल नगर निगम की बैठक सफल, 625 गौवंश को गौशालाओं में भेजने पर बनी सहमति

**एसबी विशेष संवाददाता**

**करनाल।** नगर निगम कार्यालय में उप निगमायुक्त अभय सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में गौशाला संचालकों व प्रतिनिधियों ने सहयोग का आश्वासन दिया। बैठक में निर्णय लिया गया कि करीब 625 बेसहारा गौवंश को विभिन्न गौशालाओं में स्थानांतरित किया जाएगा।

उप निगमायुक्त अभय सिंह ने बताया कि हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार 1 अगस्त से 31 अगस्त तक बेसहारा गौवंश पकड़ने का अभियान चलाया जा रहा है। नगर निगम करनाल क्षेत्र से अब तक लगभग 185 गौवंश को पकडकर फूसगढ़ स्थित गौशाला व नंदीशाला में भेजा गया है। बैठक में सहमति बनी कि गगसीना गौशाला में 27 गौवंश भेजे जा चुके हैं। इसके अलावा उपलाना व गोंदर गौशाला में 200-200, अमुपुर में 100, जुण्डला व चोचड़ा में 50-50 तथा पाडा गौशाला में 25 गौवंश भेजे जाएंगे। अभय सिंह ने कहा कि नगर निगम की गौशाला और नंदीशाला क्षमता से अधिक भरी हुई है, इसलिए अन्य गौशालाओं का सहयोग जरूरी है। उन्होंने अपील की कि जिला की सभी गौशालाएं आगे आकर सेवा कार्य में योगदान दें ताकि कोई भी गौवंश बेसहारा न रहे। उप निगमायुक्त ने चेतावनी दी कि जो लोग दूध निकालने या उपयोग खत्म होने के बाद अपने पशुओं को बेसहारा छोड़ देते हैं, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। ऐसे पशुओं को जब्त कर लिया जाएगा और मालिक को वापिस नहीं किए जाएंगे। साथ ही संबंधित व्यक्ति पर कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी।



# चाबा गांव में किया गया रात्रि ठहराव कार्यक्रम का आयोजन

## ■ एडीसी ने ग्रामीणों से किया सीधा संवाद, मौके पर हुई समस्याओं की सुनवाई

**एसबी संवाददाता**

**गुहला-चीका।** हर माह गांव में आयोजित होने वाले रात्रि प्रवास कार्यक्रम के तहत वीरवार को गांव चाबा में रात्रि ठहराव कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जहां डीसी प्रीति के मार्गदर्शन में एडीसी दीपक बाबूलाल करवा, सीईओ जिला परिषद सुरेश राविश, एसडीएम कैप्टन प्रमेश व डीएसपी कुलदीप बेनीवाल ने न केवल ग्रामीणों की समस्याएं सुनी और संबंधित अधिकारियों को त्वरित समाधान के निर्देश दिए। इसके साथ गांव के विकास से जुड़े ग्रामीणों के सुझावों को भी सुने।



कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए एडीसी दीपक बाबूलाल करवा ने कहा कि रात्रि ठहराव कार्यक्रम का उद्देश्य जनता के द्वार पर पहुंच कर उनकी समस्याओं को जानना तथा उनको दूर करना है। कार्यक्रम के दौरान जो भी समस्याएं आई है उनको समाधान करवाया जाएगा। उन्होंने प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के बारे में जानकारी देते हुए आमजन से सोलर सिस्टम लगवाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सोलर सिस्टम पर अनुदान दिया जा रहा है, बिल्कुल नाम मात्र रुपये में यह सिस्टम लग जाता है। लोगों को बिजली के बिलों में भी बड़ी राहत मिलती है । इसके साथ ही उन्होंने महिलाओं और बच्चों को कुपोषण से मुक्त रहने के लिए अच्छा खान पान लेने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि गांव के लोगों ने घग्गर पार का होने के चलते गांव को लेकर जो समस्याएं रखी हैं, पूरा प्रयास किया जाएगा कि इन समस्याओं का समाधान हो। कार्यक्रम में चाबा सहित आस-पास के गांवों के ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं जैसे खराब सड़कें, चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने, नशे की समस्या के समाधान, स्टेडियम की चारदीवारी, बिजली बिल, पेंशन, जमीन विवाद, गांव में साफ-सफाई संबंधी समस्याएं रखीं। साथ ही गांव में रोडवेज बस सेवा, बैंक ब्रांच खोलने, सीसीटीवी कैमरा लगवाने की मांग की। उन्होंने कहा कि जिस समस्या का तुरंत समाधान हो सकेगा, उसे करवाया जाएगा। शेष मांगो के लिए भी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। ताकि लोगों को समस्याओं का सामना न करना पड़े।

एडीसी दीपक बाबू लाल करवा ने मीडिया से बातचीत में कहा कि खुले दरबार में जो भी शिकायतें आई हैं, उनका त्वरित समाधान करवाया जाएगा। लोगों से अपील है कि वे नशे के खात्मे में नशा मुक्त हरियाणा अभियान में सहयोग दें। क्षेत्र की सड़क संबंधी शिकायतों पर जल्द संज्ञान लिया जाएगा। इस क्षेत्र की काफी संख्या में सड़कों के टेंडर लगा दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि रात्रि प्रवास कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन के बीच जाकर उनकी समस्याओं का समाधान करवाना है। कार्यक्रम में सीईओ जिला परिषद सुरेश राविश ने कहा कि एडीसी महोदय के निर्देशानुसार गांव में बने स्टेडियम की चारदीवारी करवाने तथा सीसीटीवी कैमरा लगाने जो आवश्यक कार्रवाई होगी, उसे पूरा किया जाएगा। यह सरपंच का सराहनीय फैसला है कि स्टेडियम के लिए एक एकड़ जमीन दी है। उन्होंने कहा कि सरकार व जिला प्रशासन जनता की सेवा लिए सदैव तत्पर है।

इस अवसर पर डीआरओ चंद्रमोहन, डीडीपीओ रितु लाठर, जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी नसीब सैनी, रेडक्रॉस सोसायटी सचिव रामजी लाल, एलडीएम एसके नंदा, जिला बागवानी अधिकारी डॉ हीरालाल, सीडीपीओ शशि बाला, नायब तहसीलदार बंसी लाल, बीईओ बलबीर कश्यप, सुरेश कौशिक अधीक्षक, जिला विज्ञान विशेषज्ञ सुशील कुमार डॉ. बीरबल दलाल सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# युवाओं को नशे से दूर करने के लिए समाज को जागरूक करना जरूरी: एसपी आस्था मोदी



जिला कैथल पुलिस की नशा विरूद्ध जागरूकता मुहिम जारी। (छाया: एसबी)

**एसबी ब्यूरो प्रमुख/निर्मल कुमार**

**कैथल।** जिला पुलिस अधीक्षक आस्था मोदी के आदेशानुसार कैथल पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ एक विशेष जागरूकता मुहिम चलायी जा रही है। इस मुहिम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को नशे की गिरफ्त से बचाना तथा आमजन को इसके दुष्परिणामों के बारे में जागरूक करना है। एसपी आस्था मोदी ने कहा कि आज के समय में नशा समाज के लिए एक गंभीर चुनौती बन चुका है।

नशे की लत व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक और आर्थिक रूप से कमजोर कर देती है। यह न केवल एक व्यक्ति का जीवन बर्बाद करती है बल्कि परिवार और समाज पर भी नकारात्मक प्रभाव डालती है। उन्होंने कहा कि पुलिस केवल कानूनन कार्रवाई तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज को सही मार्गदर्शन देना और जागरूक करना भी उसकी जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत नशा जागरूकता टीम में शामिल एसआई कर्मबीर, एएसआई ओमप्रकाश, एचसी सुनील कुमार, महिला सिपाही किस्मत, एसपीओ राजपाल तथा एसपीओ प्रदीप कुमार की टीम लगातार गांव-गांव जाकर आमजन से संवाद कर रही हैं।

विद्यार्थियों, युवाओं और ग्रामीणों को नशे के खिलाफ जागरूक किया जा रहा है। नशा छोड़ने वाले व्यक्तियों को काउंसलिंग देकर फिर से समाज की मुख्यधारा में लाने का प्रयास किया जा रहा है। एसपी ने कहा कि नशे से जूझ रहे व्यक्ति का परिवार और समाज यदि सही सहयोग दे, तो वह व्यक्ति आसानी से नशा छोड़ सकता है। उन्होंने अपील की कि हर व्यक्ति को अपने आसपास के लोगों पर नजर रखनी चाहिए और यदि कोई नशे की गिरफ्त में है तो उसका सही इलाज और परामर्श करवाना चाहिए। उन्होंने कहा-अपना नहीं तो परिवार का ख्याल करो, नशा छोड़कर सबका कल्याण करो।

एसपी आस्था मोदी ने यह भी कहा कि नशे की लत भी एक बीमारी है, जिसका इलाज संभव है। इच्छाशक्ति और परिवार का साथ, किसी भी नशे के शिकार व्यक्ति को एक नई जिंदगी दे सकता है। पुलिस का यह अभियान तभी सफल होगा जब समाज भी इसके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा होगा।

# डीएलएसए द्वारा पैनल अधिवक्ताओं, पैरा लीगल वालंटियर, लीगल एड डिफेंस काउंसल व स्टाफ के लिए वर्कशॉप आयोजित



**एसबी विशेष संवाददाता**

**करनाल।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अजय कुमार शारदा के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए) द्वारा पैनल अधिवक्ताओं, पैरा लीगल वालंटियर, लीगल एड डिफेंस काउंसल व स्टाफ के लिए एक वर्कशॉप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव डॉ. इरम हसन ने किया। इस दौरान उन्होंने उपस्थित पैनल अधिवक्ताओं, पैरा लीगल वालंटियर, लीगल एड डिफेंस काउंसल व स्टाफ को यौन उत्पीड़न की शिकायत दर्ज करवाने संबंधी गठित आंतरिक व स्थाई कमेटियों की जानकारी दी। वर्कशॉप में असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसल बिंदिया ने यौन उत्पीड़न संबंधित अधिनियमों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने प्रोजेक्टर के जरिए पीपीटी प्रस्तुत कर संबंधित कानूनों से प्रतिभागियों को अवगत करवाया।

इसके अलावा मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी ने यूनाइटेड नेशनल के सदस्यों को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की कार्यशैली और मुफ्त कानूनी सेवाओं के बारे में बताया। साथ ही उन्होंने कहा कि जन साधारण को जागरूकता शिविरों के माध्यम से अधिक से अधिक कानूनी जानकारी दी जाएगी ताकि वे अपने अधिकारों को बेहतर तरीके से समझ सकें।

# डीसी प्रीति ने किया ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण, अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश



**निर्मल कुमार**

**कैथल।** भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशानुसार लघु सचिवालय स्थित ईवीएम वेयरहाउस में जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी प्रीति ने मासिक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान ईवीएम की व्यवस्थाओं लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए और फीडबैक लिया। डीसी प्रीति ने निर्वाचन विभाग के अधिकारियों को कहा कि ईवीएम वेयरहाउस की साफ-सफाई व्यवस्था को निरंतर बनाए रखें, कहीं भी कोई भी लापरवाही न बरती जाए। इसके अलावा बिजली, सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरों तथा आपातकालीन व्यवस्थाओं आदि के बारे में पूर्ण जानकारी ली। इस दौरान उनके साथ चुनाव नायब तहसीलदार सुभाष चंद व अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# फर्जी पुलिसकर्मी गिरफ्तार, गाड़ी से वर्दी व फर्जी आई कार्ड बरामद

**एसबी ब्यूरो प्रमुख/निर्मल कुमार**

**कैथल।** चौकी महमुदपुर पुलिस ने फर्जी पुलिसकर्मी बनकर लोगों को गुमराह करने वाले एक युवक को काबू करने में सफलता हासिल की है। आरोपी के कब्जे से पुलिस की वर्दी, फर्जी आई कार्ड सहित अन्य सामान बरामद हुआ है।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस चौकी महमुदपुर के हेड कॉन्स्टेबल मंगल सिंह की टीम समानाझचीका रोड पर गश्त कर रही थी। इस दौरान सूचना मिली कि गांव थेह बनेहड़ा जिला कैथल निवासी विजय कुमार अपने आप को कुरुक्षेत्र पुलिस का साइबर सैल कर्मी बताकर लोगों को गुमराह करता है और आज अपनी कार में सवार होकर पंजाब की ओर जाने वाला है। सूचना के आधार पर चौकी प्रभारी एसआई बलराज सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने महमुदपुर बस अड्डा के पास नाकाबंदी की। थोड़ी देर बाद जैसे ही एक आल्टो कार मौके पर आई, पुलिस ने उसे रुकने का इशारा किया तो चालक गाड़ी मोड़कर भागने लगा, लेकिन पुलिस ने तुरंत घेराबंदी कर आरोपी को काबू कर लिया। आरोपी उस समय हरियाणा पुलिस की लोगो लगी टी-शर्ट पहने हुए था। पूछताछ में आरोपी की पहचान विजय कुमार निवासी थेह बनेहड़ा के रूप में हुई। उसने झूठा दावा किया कि वह कुरुक्षेत्र साइबर सैल में तैनात है। सत्यापन करने पर पता चला कि ऐसा कोई कर्मचारी पुलिस विभाग में नहीं है। तलाशी के दौरान आरोपी की कार से पुलिस वर्दी, बेल्ट, जूते, कैप, फर्जी पुलिस आई कार्ड, लैपटॉप, पेन ड्राइव, मोबाइल फोन व अन्य सामान बरामद किया गया। आरोपी के खिलाफ थाना गुहला में मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी शातिर किस्म का है, जो कई स्थानों पर पुलिसकर्मी बनकर घूमता और लोगों को गुमराह करता रहा है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी पुलिस वाला बनकर कई जगह नाको पर जाकर आमजन से पैसे भी एंठ चुका है। व्यापक पूछताछ के लिए आरोपी का अदालत से 5 दिन पुलिस रिमांड हासिल किया गया है।



फर्जी आरोपी पुलिसकर्मी चौकी महमुदपुर पुलिस गिरफ्त में। (छाया: एसबी)

# पीएम जीवन ज्योति तथा पीएम सुरक्षा बीमा योजनाओं को लाभ उठाएं आमजन: डीसी प्रीति

**एसबी संवाददाता**

**कैथल।** डीसी प्रीति ने बताया कि प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना तथा प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना नागरिकों के लिए कारगर सिद्ध हो रही है। इन योजनाओं के फार्म प्रत्येक बैंक व डाकघर में उपलब्ध हैं। इन योजनाओं में निर्धारित वार्षिक प्रीमियम जमा करवा कर दो लाख रुपए तक का बीमा होता है। सभी नागरिक इन योजनाओं का लाभ उठाएं।

उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार ने प्रत्येक बैंक उपभोक्ता को जीवन सुरक्षा बीमा योजना का लाभ देने के लिए दो योजनाएं चलाई हुई हैं। सामाजिक सुरक्षा योजना सामान्य परिवार को मुश्किल की घड़ी में आर्थिक समर्थन देकर मजबूत बनाती है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना में 18 से 50 वर्ष आयु के व्यक्ति नामांकन करवा सकते है। योजना के तहत 436 रुपये वार्षिक प्रीमियम जमा करवाना होता है तथा इससे 2 लाख रुपए के जीवन बीमा का संरक्षण मिलता है।



उपायुक्त कैथल प्रीति।

डीसी प्रीति ने बताया कि प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना एक दुर्घटना बीमा योजना है। इस योजना के तहत 18 से 70 वर्ष तक के नागरिक अपना दुर्घटना बीमा करवा सकते है। केवल 20 रुपये के वार्षिक प्रीमियम पर इस योजना में दो लाख रुपये का दुर्घटना बीमा संरक्षण प्राप्त होता है। उन्होंने बताया कि इन बीमा योजनाओं का प्रीमियम उपभोक्ता के बैंक या डाकघर खाते में से ऑटो डेबिट होता है तथा दावे की राशि संबंधित के बैंक खाते में सीधे जमा हो जाती है। इन योजनाओं में नामांकन करवाने के लिए अपने नजदीकी बैंक शाखा अथवा डाकघर से संपर्क करें।

उन्होंने नागरिकों से आह्वान किया है कि वे सरकार की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।

# दादी प्रकाशमणि की स्मृति में 23 को होगा मेगा ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन: बीके सरिता




**एसबी ब्यूरो प्रमुख/विजय गर्ग**

**असन्ध।** संस्था की पूर्व मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि की 18वीं पुण्य स्मृति में 23 अगस्त को करनाल रोड स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय में मेगा ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया जाएगा। रक्तदान शिविर सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक जारी रहेगा। उपरोक्त जानकारी बीके सरिता ने देते हुए बताया कि यह आयोजन दादी प्रकाशमणि के त्याग और सेवा के संदेश को समर्पित है। उन्होंने सभी से इस मानवता के पुनीत कार्य में बढ़ चढ़कर भाग लेने की अपील की। बीके उषा दीदी ने बताया कि राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि की 18वीं पुण्य स्मृति में पूरे देश में रक्तदान शिविर आयोजित किए जा रहे है जिनमें 1 लाख यूनिट रक्तदान का संकल्प लिया गया है। उन्होंने कहा कि रक्तदान शिविर में सभी बढ़ चढ़कर भाग ले।

# आयुर्वेद को नई ऊँचाइयों पर ले जाने के लिए हर संभव प्रयास: आरती सिंह राव

**एसबी संवाददाता**

**चंडीगढ़।** हरियाणा की स्वास्थ्य एवं आयुष मंत्री आरती सिंह राव के नेतृत्व में, महेंद्रगढ़ ज़िले के नारनौल के पटिकरा गाँव स्थित बाबा खेतानाथ राजकीय आयुर्वेदिक कॉलेज एवं अस्पताल ने आयुर्वेदिक शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। इस वर्ष, बैचलर ऑफ आयुर्वेदिक मेडिसिन एडं सर्जरी पाठ्यक्रम के लिए सीटों की संख्या पिछले वर्ष के 30 से बढ़कर 63 हो गई है। राष्ट्रीय भारतीय चिकित्सा पद्धति आयोग द्वारा इस संबंध में अनुमोदन मिलने के बाद यह उल्लेखनीय प्रगति हुई है।

स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि हमारा लक्ष्य आयुर्वेद को राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर पर एक मजबूत चिकित्सा पद्धति के रूप में स्थापित करना है। बाबा खेतानाथ आयुर्वेदिक कॉलेज में सीटों की संख्या में वृद्धि इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद का भविष्य उच्च-गुणवत्ता वाली शिक्षा और विश्वसनीय शोध में निहित है।

हम चाहते हैं कि हमारे संस्थान विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त चिकित्सक, शोधकर्ता और शिक्षक तैयार करें जो आयुर्वेद को नई ऊँचाइयों पर ले जा सकें।

# बल्ला में चिकित्सा कैंप का किया आयोजन

**संजना भारती संवाददाता**

**असंध।** गांव बल्ला दादा खेड़ा के प्रांगण में उप मण्डल नागरिक अस्पताल असंध वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. सूबे सिंह के आदेशानुसार आईसीटीसी असंध द्वारा संगठित चिकित्सा कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप में गांव बल्ला के लोगों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया।

इस मौके पर आईसीटीसी काउंसलर रंगी राम वर्मा ने उपस्थित जनसमूह को एचआईवी/ एड्स, टीबी, काला पीलिया, गुप्त रोग एवं शुगर के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इसके साथ-2 उन्होंने लोगों को नशे की लत से भी दूर रहने के लिए प्रेरित किया व बताया कि सुइयों से नशा लेने के कारण ज्यादातर युवाओं में एचआईवी/एड्स और काला पीलिया की बीमारी फैलने का मुख्य कारण बन गया है जिसने असंध क्षेत्र के भी बहुत सारे युवाओं को लपेट लिया है। हमें नशे से दूर रहना होगा। एचआईवी/ एड्स और टीबी से ग्रस्त लोगों के लिए हरियाणा सरकार द्वारा वित्तीय सहायता भी दी जा रही है जिसमें एचआईवी/एड्स के मरीजों को 2250 रुपए महीना और टीबी के मरीजों को 1000 रुपए महीना दिया जा रहा है। इस मौके पर आईसीटीसी, लैब टेक्नीशियन प्रीति शर्मा द्वारा 54 व्यक्तियों की एचआईवी/एड्स, काला पीलिया की जांच की गई। एमपीएचडब्ल्यू हरपाल सिंह व ए.एन.एम. गुंजन द्वारा लोगों की शुगर, बीपी व टीबी की जांच की गई। इस मौके पर ममता, बृजबाला, संतोष, अनिता, सुदेश आदि आशा वर्कर भी मौजूद रहीं।

